# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर

**(राज्य सरकार का स्वयंपाठी शिक्षार्थियों का बोर्ड)**

**एकलव्य भवन**

डॉ0 एस0 राधाकृष्णन्, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

फोनः—5150938 फोनः— 2705067, फैक्स :—0141—2705067

website:http//www.rsos.rajasthan.gov.in e-mail:rajasthansos@gmail.com


क्रमांकःप.19(14)उ0पु0मु0 / प्रकाशन वितरण / 2014—15 / 12137 दिनांक — 08.02.16

**प्रबंध निदेशक**
**राजस्थान संवाद,**
**शासन सचिवालय—परिसर,**
**जयपुर।**

**विषय** :— दर संविदा सूचना प्रकाशित करवाने बाबत्।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि इस विभाग को उ0पु0 मुद्रण कार्य हेतु दर संविदा आमंत्रित करनी है। अतः इस संबंध में जारी की जाने वाली दर संविदा की सी.डी. संलग्न कर प्रेषित है। कृपया संलग्न दर संविदा सूचना नियमानुसार, पचास हजार प्रतियाँ और उससे अधिक का परिचालन रखने वाले एक राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र के जयपुर संस्करण में एवं एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में दर संविदाएं आमंत्रित करने की सूचनाओं को 8cm X 6cm के स्थान में प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।

**संलग्नः**— दर संविदा की सी.डी.।

ह0
**(कमलेश आबूसरिया)**
**निदेशक**
**राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल**
**जयपुर**

क्रमांकःप.19(14)उ0पु0मु0 / प्रकाशन वितरण / 2014—15 / दिनांक — ............

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:—

1. निजी सचिव, श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, शासन सचिवालय—जयपुर।
2. सहायक निदेशक लेखा, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर।
3. सहायक निदेशक (आई.टी.) को भेजकर लेख है कि उक्त दर संविदा प्रपत्र को राज्य सरकार के वेब पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट पर भी अपलोड करें।
4. नोटिस बोर्ड, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर।

8.2
**(दयाराम महरिया)**
**सचिव**
**राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल**
**जयपुर**

# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर
(राज्य सरकार का स्वयंपाठी शिक्षार्थियों का बोर्ड)
एकलव्य भवन
डॉ0 एस0 राधाकृष्णन, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन:–5150938 फोन:– 2705067, फैक्स :–0141–2705067
website:http//www.rsos.rajasthan.gov.in e-mail:rajasthansos@gmail.com


क्रमांक:प.19(14)उ0पु0मु0 / प्रकाशन वितरण / 2014–15 / 12136 दिनांक – 08.02.2016

## दर संविदा सूचना–2 / 2015–16

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर के लिए निम्न कार्य हेतु अनुभवी फर्मो से मोहर बन्द दर संविदाएं आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं | Name of Work कार्यो का नाम | अनुमानित लागत वार्षिक रूपये में | अमानत राशि रूपये में | दर संविदा शुल्क रूपये | दर संविदा प्रक्रिया | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | बेचने की तिथि | प्राप्ति की तिथि | खोलने की तिथि |
| 1 | उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण | 10.00 लाख | 20000/- | 200/- | दिनांक 10.02.2016 से 25.02.2016 समय 11:00 AM | दिनांक 25.02.2016 समय.दोपहर 1:00 बजे तक | दिनांक. 25.02.2016 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |

उक्त दर संविदा फार्म को इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दर संविदा शुल्क जमा करवाकर किसी भी कार्य दिवस में उक्त वर्णित तिथि तक कार्यालय से क्रय कर सकते है साथ ही उक्त दर संविदा फार्म के प्रपत्र में दर संविदा शर्त विभागीय वैबसाईट www.rsos.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी प्रकाशित कर दिए गये है। अतः यदि दर संविदादाता उचित समझे तो विभागीय वेबसाईट से दर संविदा फार्म एवं शर्तें आदि डाउनलोड कर निर्धारित शुल्क का जयपुर में देय बैंकर चैक / ड्रॉफ्ट जो निदेशक राज.स्टेट ओपन स्कूल जयपुर के पक्ष में हो, फार्म के साथ संलग्न कर दर संविदा प्रेषित कर सकते है।

08.2.16

निदेशक
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल
जयपुर

Cost of Tender Form Rs.200/-

दर संविदा संख्या- 2/2015-16

Receipt No. & Date .............

| |
|---|
| दर संविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.02.2016 व समय दोपहर 1.00 बजे तक. |
| दर संविदा खोलने की तिथि: 25.02.2016 व समय अपरान्ह 3.00 बजे तक |

# उत्तर पुस्तिका मुद्रण हेतु दर संविदा
## एक वर्ष के लिए
## (फरवरी, 2016 से जनवरी, 2017 तक)

# RAJASTHAN STATE OPEN SCHOOL

Eklavya Bhawan, Dr. Sarvapalli Radha Krishnan,
Shiksha Sankul,
Jawahar Lal Nehru Marg
Jaipur (Raj.) 302015

# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर

(राज्य सरकार का स्वयंपाठी शिक्षार्थियों का बोर्ड)
एकलव्य भवन
डॉ0 एस0 राधाकृष्णन्, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन:–5150938 फोन:– 2705067, फैक्स :–0141–2705067
website:http//www.rsos.rajasthan.gov.in e-mail:rajasthansos@gmail.com

## बोली आमंत्रण सूचना :–2/2015–16

अनुमानित निविदा मूल्य:– 10 लाख रूपये

माह फरवरी, 2016 से जनवरी, 2017 तक एक वर्ष की अवधि के लिए वेब ऑफसेट मशीन/शीटफेड मशीन धारक मुद्रकों से निम्न कार्य हेतु बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से संबन्धित विवरण/शर्ते वेबसाइट www.rsos.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा बोली का प्रपत्र इसी वेबसाइट से नियत तिथि से डाउनलोड किया जा सकता है।

| क्र. सं | Name of Work कार्यो का नाम | विनिर्देश | अनुमानित मात्रा | Earnest Money बयाना राशि | Validity विधि मान्यता | Delivery Period सुपुर्दगी की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण | बोली की शर्तों के अनुसार | 12,60,000 | 20,000 | 90 days | 20 दिवस |

(1) विभिन्न परीक्षाओं के उपयोगार्थ सफेद Bis code 1848 का कागज राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए रिम/रील में कागज में विभिन्न पृष्ठों वाली अनुमानित रूपये 12,60,000/– उत्तर पुस्तिकाऐं मुद्रित कराने हेतु वेब ऑफसेट मशीन/शीटफेड मशीन धारक मुद्रकों से उक्त कार्य हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है।

(2) बयाना राशि के बिना बोली स्वीकार नहीं की जावेगी। बयाना राशि में छूट निविदा शर्तों में अंकित शर्तों पर ही देय होगी।

(3) बोली प्रपत्र इस कार्यालय से निर्धारित शुल्क रूपये 200/– प्रति बोली प्रपत्र जमा करवा कर दिनांक 10.02.2016 से दिनांक 25.02.2016 तक कार्य दिवसों में एवं कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेगें। बोली प्रपत्र विभागीय वेबसाईट **www.rsos.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी प्रकाशित कर दिए गये है। अतः यदि बोलीदाता उचित समझे तो विभागीय वेबसाइट से भी बोली प्रपत्र एवं शर्ते आदि डाउन लोड कर निर्धारित शुल्क 200/– रूपये का जयपुर शहर में देय बैंकर चैक/ड्राफ्ट जो निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के पक्ष में हो फार्म के साथ संलग्न कर बोली प्रपत्र प्रेषित कर सकते है।

(4) राजस्थान राज्य में पंजीकृत लघु एवं बीमार उद्योग इकाई निदेशक उद्योग विभाग द्वारा जारी प्रमाण–पत्र (पंजीयन एवं सक्षमता) के आधार पर (At 50% of the prescribed cost) उक्त प्रपत्र 100 रुपये देकर प्राप्त कर सकते है।

(5) बोली प्रपत्र मुहरबंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से उत्तरपुस्तिका मुद्रण हेतु कार्य के लिए बोली, लिखा हो। दिनांक 25.02.2016 को दोपहर 1.00 बजे तक या उससे पूर्व पहुंच जानी चाहिए।

(6) सील बन्द लिफाफे को व्यक्तिशः कार्यालय के निविदा बॉक्स में अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्, शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015 में दिनांक 25.02.2016 को दोपहर 1:00 बजे तक भिजवाया जा सकता है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त बोली प्रपत्र पर विचार नही किया जावेगा।

(7) आरएसओएस न्यूनतम दर वाली बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है तथा वह किसी भी बोली को या उसके किसी भाग को बिना कोई कारण बतायें रद्द कर सकता है।

निदेशक
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल
जयपुर

## बोलीदाताओं को निर्देश

बोलीदाता को बोली में अपने कोटेशन देते समय निम्न विशिष्टताओं एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढना होगा एवम् यह सभी विशिष्टताएं एवं शर्तें माननी होंगी। अधूरी एवं गलत बोली निरस्त कर दी जावेगी।

स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के लिये उत्तर–पुस्तिका मुद्रण हेतु बोली का विवरण एवं विशिष्टताएं:–

1. प्रयुक्त होने वाला कागज :– 58 जी.एस.एम. BIS code 1848 सफेद कागज रीम/बण्डल/रील शेप। कागज की गणना इसी के आधार पर की जाएगी।
2. कागज की उपलब्धता :– राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर कार्यालय द्वारा मिल के जयपुर डिपो/डिस्ट्रीब्यूटर से उपलब्ध करवा दिया जायेगा। जिसे फर्म को जयपुर स्थित गोदाम से उठाना होगा।
3. कागज वेस्टेज :– 2% तक
4. उत्तर–पुस्तिका से ग्रिपर होल हटाकर ट्रिम करना होगा, उसके पश्चात् बिन्दु संख्या 5 में वर्णित आकार वांछित है।
5. उत्तर–पुस्तिकाओं का आकार, प्रकार, अनुमानित संख्या तथा पृष्ठ संख्या :–

| परीक्षानुसार उत्तर पुस्तकें | मुख पृष्ठ (4) सहित पृष्ठों की कुल संख्या | उ.पु. की अनुमानित संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. माध्यमिक | 28 | 4,60,000 | (i) उत्तर–पुस्तिका के बाहर की काली पट्टी = साइज 6.5 X 21cm. कागज 58 GSM क्रोमो पेपर, काले स्टीकर (स्टीकर) के तीन तरफ 1.00 से.मी. पर गोंद लगेगा, स्टीकर काली पट्टी के साथ उत्तर पुस्तिका के बाई ओर सिलाई होगी। स्टिकर का रंग काला होगा। स्टीकर से हटायी जाने वाली परत सिलाई में नही आनी चाहिए।<br>(ii) कवर पृष्ठ = साईज 21 X 27 सेमी. कागज 58 GSM, कागज का प्रकार–सफेद, <u>मुद्रण कार्य काली स्याही में</u> एवं मुख्य पृष्ठ पर बांयी ओर उत्तर पुस्तिका क्रमांक अंकित किया जावेगा। मोनोग्राम मुद्रण दोनो पेजो पर होगा। उत्तर पुस्तिका के कवर पृष्ठ के अन्दर की ओर (सिलाई के पास) 3 सेमी चौडी और 16 सेमी लम्बी हल्की काली पट्टी होगी।<br>(iii) अन्दर के पृष्ठ = साईज 21 X 27 सेमी. कागज 58 GSM सफेद, अन्दर के 26 पेजों में 20 आडी लाईने, बाई ओर हाशिये की लाइन 3 सेमी. लाइनों के ऊपर रिक्त स्थान 3 सेमी. व नीचे 1 सेमी. रहेगा। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर का मोनोग्राम प्रत्येक पेज के ऊपर मध्य में अंकित होगा, प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या ऊपर की तरफ दांयी ओर अंकित की जानी हैं।<br>(iv) बाइण्डिंग = सिलाई बाइण्डिंग होगी।<br>(v) परफोरेशन = स्टीकर को छोड़कर सभी पेजों पर उत्तर पुस्तिका के पेजो के उपर मोनोग्राम के बांये ओर (RSOS) Perforation करना हैं। तथा मुखपृष्ठ नम्बरिंग RSOS के निर्देशानुसार करनी होगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. उच्च माध्यमिक | 28 | 3,00,000 | उच्च माध्यमिक की उत्तर पुस्तिका का Specification सैकण्डरी की उत्तर पुस्तिका के समान ही हैं, इसमें उत्तर पुस्तिका के मुद्रण हेतु लिया जाने वाला रंग लाल होगा। |
| 3. प्रायोगिक | 04 | 5,00,000 | साईज 21 X 27 सेमी. कागज 58 GSM सफेद पेपर, **मुद्रण कार्य काली स्याही में,** कुल 4 पृष्ठ होगें, प्रथम पृष्ठ में विद्यार्थी परीक्षा व केन्द्र आदि की सामान्य जानकारी, बांई साईड़ में ऊपर की ओर मोनोग्राम के बाद कुल 11 आडी लाईनें, बांई ओर हाशिये की लाईन 3 सेमी., लाईनों के ऊपर व नीचे रिक्त स्थान, 3 सेमी. व नीचे 1 सेमी. इसी लम्बाई–चौडाई के अनुसार अन्दर के शेष 3 पेजों पर आड़ी लाइने 20 होगी, उत्तर पुस्तिका फोल्ड की हुई होगी। |

उत्तर–पुस्तिकाओं का आकार :– 21X27 सेमी.

**नोट :–** (1) उपरोक्तानुसार आवंटित कागज के अलावा 2% वेस्टेज (छिजत) के अन्तर्गत अतिरिक्त कागज देय होगा। जो सभी प्रकार की उत्तर–पस्तिकाओं के लिये एक समान होगा।

(2) मुद्रण की इंक अच्छी किस्म की आई.एस.आई. प्रमाणित होनी चाहिए।

(3) जहाँ तक सम्भव होगा नमूनों की उत्तर–पुस्तिका बोली प्रपत्र के साथ उपलब्ध करवांई जाएगी। वरना राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय में व्यक्तिशः देखी जा सकती है। मुद्रण उसी के अनुरूप निर्देशानुसार होना चाहिए। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार मुद्रण में परिवर्तन किया जा सकता है। उक्त निर्देशों में शिथिलता नहीं बरती जावे। मुद्रण योग्य उ0पु0 के प्रूफ का अनुमोदन तीन दिवस में सहायक निदेशक, परीक्षा द्वारा करवाने के पश्चात ही उ0पु0 का मुद्रण करवाना होगा।

(4) उ0पु0 में केवल प्रयुक्त कागज की आपूर्ति RSOS द्वारा की जायेगी। काली पट्टी, पीछे लगने वाली टेप व अन्य सामग्री बोलीदाता फर्म द्वारा लगायी जायेगी। उ0पु0 की संख्या में 50% तक घटत–बढ़त की जा सकती है, कागज भी उसी के अनुरूप दिया जायेगा।

6. उत्तर–पुस्तकों की सिलाई, धागा से सिलाई मशीन द्वारा की जायेगी। सिलाई पास–पास एवं मजबूत होनी चाहिए।
7. सभी उ.पु. पर राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के निर्देशानुसार Serial no. अंकित करने हैं।
8. मुख पृष्ठ पर विशिष्ट मुद्रण :– उत्तर–पुस्तिका निर्माण में स्टेट ओपन स्कूल द्वारा उपलब्ध कराया गया 58 जी.एस.एम. सफेद BIS Code 1848 कागज उपयोग में लिया जायेगा।
9. पैकिंग :– (1) 100–100 उत्तर–पुस्तिका के अलग–अलग पैकेट जिन्हें अच्छे किस्म के प्लास्टिक के साथ क्राफ्ट पेपर या मैलेट पेपर से रैप कर प्लास्टिक अथवा अन्य पैकिंग मेटेरियल सन्तुलित रूप में बांधा गया हो। जिन पर Serial no. की slip भी चिपकानी होगी।
10. आपूर्ति :–

    (1) उच्च माध्यमिक, माध्यमिक व प्रायोगिक की उत्तर पुस्तिकाएं राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के जयपुर स्थित कार्यालय पर करनी होगी।
11. उत्तरपुस्तिकाओं की अनुमानित संख्या के प्रकाशन हेतु एक या एक से अधिक कार्यादेश दिये जा सकते है दी गई दरें वर्ष पर्यन्त (बोली अवधि हेतु) लागू रहेंगी। बोलीदाता फर्म को कार्यादेश के अनुसार अनुमोदित दरों पर वर्ष पर्यन्त कार्य करना होगा।
12. उत्तर–पुस्तिकाओं की सम्भावित आपूर्ति कार्यादेश की दिनांक से निर्धारित अवधि में करनी होगी।

उपरोक्त परिशिष्ट को भली–भांति ध्यानपूर्वक पढ़ लिया।

बोलीदाता के हस्ताक्षर एवं मुहर

## राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर के लिए उत्तरपुस्तिका मुद्रण हेतु निविदा कार्य की सामान्य शर्तें

1. निविदा भरना एवं दरों का अंकन :–

(i) बोली, बोली प्रपत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार यथोचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करके भेजी जानी चाहिये।

(ii) दरों की ईकाईयों में किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिये और दरें शब्दों के साथ अंकों में स्पष्ट रूप से अवश्य लिखी जानी चाहिये। अंकों तथा शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने की स्थिति में दोनों में जो कम हो उस पर विचार किया जावेगा।

(iii) बोली उन फर्मों/व्यापारियों द्वारा ही दी जानी चाहिये जो या तो उत्तर पुस्तिका निर्माण अथवा ऐसे ही कार्यों के लिये रजिस्टर्ड/अनुमोदित प्रदायक हों, या उनके द्वारा जो इस कार्य का, जिसके लिये बोली दी जा रही है, वास्तव में व्यवसाय कर रहे हों।

(iv) अनुमोदित प्रदायक के सम्बन्ध में यह समझा जावेगा कि उसने प्रदाय किये जाने वाले कार्य सम्बन्धी शर्तें, विस्तृत विवरण, आकार, मेक और रेखाचित्रों आदि की सावधानीपूर्वक जाँच कर ली है। यदि उनको इन शर्तों या विस्तृत विवरण रेखाचित्रों आदि के अर्थ के सम्बन्ध में कोई सन्देह हो तो दर संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व प्रभारी अधिकारी से पूछताछ कर लेनी चाहिये एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेना चाहिये।

(v) बोलीदाता को अपने कार्यालय, गोदाम तथा वर्कशॉप के भू–गृहादि एक हो अथवा एक से अधिक हो तो उसका पूरा पता निश्चित रूप से देना चाहिये जहाँ जाकर निरीक्षण किया जा सके और उस व्यक्ति का नाम और पता भी अवश्य देना चाहिये जिससे इस कार्य हेतु सम्पर्क किया जाये। व्यापारियों, जिन्होंने कारोबार नया ही शुरू किया हो, उनके लिए अपने बैंकरों का परिचय पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(vi) समस्त उत्कथिक दरें एफ.ओ.आर. सहित होनी चाहिए और उनमें समस्त कर शामिल होने चाहिये। स्थानीय प्रदायों के मामले में भी दरों में समस्त कर शामिल होने चाहिये तथा ऐसे मामले में जहां प्रदायक को यथास्थान प्रदाय करना है, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर द्वारा कोई गाड़ी–भाड़ा या परिवहन व्यय नहीं दिया जाएगा।

(vii) बोली बॉल पेन से भरी होनी चाहिए। पेन्सिल या अन्यथा भरी हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। बोली में कोई परिवर्तन या परिवर्धन नहीं किया जाना चाहिये। कोई उपरिलेखन (ओवर राईटिंग) तथा सफेद फ्लूड लगाकर लेखन नहीं करना चाहिये। शुद्धियां यदि कोई हों, स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये तथा उन पर लघु हस्ताक्षर किये जाने चाहिये।

(viii) बोलीदाता को बोली और करार की शर्तों और (संलग्न–स्पेसिफिकेशन्स) की स्वीकृति के प्रतीक स्वरूप बोली प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ के अन्त में हस्ताक्षर करने चाहिये।

(ix) 1 बोलीदाता, बोली के साथ अपरिहार्य रूप से, रजिस्ट्रेशन आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेंगे।
2 बोलीदाता को फर्म की कार्यक्षमता, व्यावसायिक कार्यकुशलता, कार्यानुभव, वित्तीय सुदृढ़ता उपकरण मशीनों, गोदाम व फैक्ट्री, फर्म कार्यालय आदि का पूर्ण विवरण निर्धारित प्रपत्र में पूर्ति कर दर संविदा के साथ अपरिहार्य रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(x) दरें संलग्न निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत करें।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

2. **धरोहर राशि :–**

(i) बोली के साथ धरोहर राशि के रूपये 20,000/– भी राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय में नगद जमा राशि की रसीद अथवा इस राशि का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न होने चाहिये। जिसके बिना बोली प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त राशि निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के पक्ष में जमा करायी जानी चाहिये। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। उपरोक्त धरोहर राशि बोली के अन्तिम रूप से स्वीकार किये जाने के एक माह के भीतर विफल बोलीदाता को प्रत्यार्पित कर दी जावेगी, जबकि सफल बोलीदाता के मामले में इसे प्रतिभूति के एक भाग के रूप में मान लिया जायेगा। प्रतिभूति राशि आदेशित मात्रा के मूल्य की 5% (पाँच प्रतिशत) होगी।

(ii) चूंकि उ0पु0 के निर्माण में प्रयुक्त कागज की आपूर्ति RSOS द्वारा की जा रही है। कागज का रख–रखाव व कार्य में प्रयुक्त लेना बोलीकर्ता द्वारा किया जाना है। अतः बोलीकर्ता को कागज हेतु 5 लाख रु. बैंक गारण्टी देनी होगी। कागज के खराब होने की स्थिति में कागज पर व्यय की वसूली बैंक गारण्टी से की जायेगी।

(iii) कॉटेज एवं स्मॉल स्केल इण्डस्ट्रीज तथा बीमार उद्योग जो निदेशक, उद्योग विभाग, राजस्थान से पंजीकृत हैं उन्हें निम्न नमूने के अनुसार सत्यापित पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा क्षमता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर बोली प्रपत्र के अनुमानित मूल्य की क्रमशः 0.5 तथा 01 प्रतिशत (नियम 42) धरोहर राशि तथा प्रतिभूति राशि आदेशित मात्रा के मूल्य की क्रमशः 1 तथा 2 प्रतिशत (नियम 75) जमा करानी होगी। (ऐसे यूनिट ebsige से बोली प्रपत्र लेने पर सावधानी पूर्वक ही निविदा भरें। गलती होने पर बोली निरस्त कर दी जाएगी। )

It is to certify that M/s ______________________________ is small Scale Industry registered permanently with the Department vide Registration No.__________________ Dt.________________ for the Manufacture/ Formulation/Febrications of the following items:

| **S.No.** | **Item No. Name** | **Annual Production Capacity** | **Number** | **Production Value** |
|---|---|---|---|---|

Signature
Derector
Deptt. Of Industries, Rajasthan

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(iv) कॉटेज अथवा लघु तथा बीमार उद्योग इकाईयां शर्त संख्या–2 (ii) के अनुसार निदेशक, उद्योग विभाग, राजस्थान का सत्यापित पंजीयन एवं सक्षमता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करती है तो उन्हें बोली प्रपत्र एवं शर्त प्रपत्र **(at 50% of the Prescribed cost)** शुल्क पर देय होगा।

(v). लघु तथा बीमार उद्योग इकाई की केवल वे ही बोली संविदा स्वीकार की जायेगी, जिन वस्तुओं के लिये उनकी इकाई को पंजीकृत किया गया है। एस.एस.आई. यूनिट/फर्म बोली के साथ उनके यूनिट पंजीकृत किये जाने के दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें। ऐसे प्रमाण–पत्र के अलावा उनके यूनिट की वार्षिक क्षमता, उत्पादन के प्रमाण–पत्र के अलावा उनके यूनिट की वार्षिक क्षमता, उत्पादन के प्रमाण–पत्र की प्रतियां प्रस्तुत की जावे अन्यथा इनके अभाव में उनकी बोली पर विचार नहीं किया जावेगा।

3. <u>बोली की स्वीकृति, अनुबन्ध एवं प्रतिभूति राशि:–</u>

(i) सफल बोलीदाता को अपने खर्चे पर, बोली स्वीकार करने की सूचना मिलने के 03 (तीन) दिवस में निम्नांकित कार्यवाही करनी होगी।

(क) निर्धारित प्रारूप में नियमानुसार रूपये 500/– के अथवा पंजीयन एवं मुद्राक निदेशालय राजस्थान सरकार के परिपत्रानुसार नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर करार निष्पादित करना पड़ेगा।

(ख) संविदा की यथावत् क्रियान्विति के लिये क्रय आदेश के मूल्य के 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा करनी होगी।

(ग) (i) फर्म को उत्तर–पुस्तकों के निर्माण हेतु उपलब्ध कराये गये कागज की कुल कीमत के लिए राशि 05 लाख रू. की बैंक गारण्टी आवश्यक रूप से जमा करानी होगी। ऐसी स्थिति में फर्म द्वारा <u>जितनी राशि की बैंक गारण्टी दी जावेगी उतनी राशि के दोगुने मूल्य का कागज ही प्रथम किश्त में देय होगा,</u> बैंक गारण्टी बैंक मैनेजर के पुष्टि पत्र (मूल) के साथ स्टेट ओपन कार्यालय को भेजी जाये। बैंक गारण्टी की अवधि एक वर्ष अथवा अनुबन्ध/बोली शर्तों के अनुसार कार्य पूर्ण रूप से सन्तोषजनक सम्पादित होने तक की होगी। आवश्यकता होने पर बैंक गारण्टी की अवधि आगे भी बढ़ाने हेतु फर्म बाध्य होगी। बैंक गारंटी के एवज में कागज की किश्त जारी करने के उपरान्त आगामी किश्त, मुद्रक द्वारा पूर्व कागज पर मुद्रण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं कार्य के निरीक्षण के पश्चात् जारी की जाएगी। यह प्रक्रिया सभी किश्तों का कार्य पूर्ण होने तक रहेगी। यदि बोलीदाता विहित कालावधि में प्रतिभूति राशि जमा कराकर करारनामा निष्पादित करने में विफल रहता है तो समुचित कारण नहीं होने की स्थिति में इस प्रकार विफल रहने को निबन्धनों तथा शर्तों का भंग होना माना जावेगा व धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी। तदुपरान्त बिना नोटिस अन्य बोलीदाता को कार्य आदेश देने का अधिकार क्रेता अधिकारी को होगा।

(ii) सफल बोलीदाता द्वारा दी गई बैंक गारण्टी, कागज का पूर्ण हिसाब फर्म से प्राप्त होने पर व कागज के हिसाब का सम्पूर्ण मिलान होने पर ही लौटाई जायेगी।

(iii) निबन्धनों तथा शर्तों को भंग करने या संविदा को असन्तोषप्रद ढंग से पूरा करने पर क्रेता अधिकारी द्वारा पूर्णतः या अंशतः प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी। इस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी का विनिश्चिय ही अन्तिम होगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(iv) प्रतिभूति की राशि संविदा के पूर्ण होने पर अन्तिम भुगतान के 1 माह पश्चात् नियमानुसार लौटा दी जावेगी। ऐसी प्रतिभूति राशि पर स्टेट ओपन द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।

(v) केन्द्रीय सरकार या राजस्थान सरकार के उपक्रमों से उपरोक्तानुसार धरोहर राशि तथा प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा नहीं कराये जाने की नियमानुसार छूट देय होगी।

(vi) धरोहर राशि अथवा प्रतिभूति राशि पर विप्रेषण व्यय (रेमिटेंस चार्जेज) संविदाकारों द्वारा वहन किये जायेंगे।

(vii) बोलीदाता या उनके प्रतिनिधियों की ओर से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से की जाने वाली संरचना के कारण बोली अमान्य की जा सकती है।

(viii) राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के पास किसी भी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। जिन उत्तर–पुस्तिकाओं के लिये बोली दी गई है। उनकी पूर्ण मात्रा या उनके किसी भाग के लिये RSOS की इच्छानुसार आदेश दिये जा सकते हैं।

**4. आपूर्ति, त्रुटि एवं दण्ड :–**

(i) यदि अनुमोदित किस्म, मेक, साईज या वज़न/गुणवत्ता के अलावा उत्तर–पुस्तिकाओं का अन्यथा प्रदाय होता है तो वह अस्वीकार कर दिया जायेगा तथा प्रदायक को बिना किसी अतिरिक्त मूल्य के निश्चित समय के भीतर उसे बदलना होगा। यदि सार्वजनिक कार्य/हित के कारण सामान का बदला जाना सम्भव न हो तो ऐस वस्तुओं का मूल्य यथोचित रूप से कम कर दिया जायेगा। क्रेता अधिकारी द्वारा नियत किये गये मूल्य अन्तिम होंगे। उत्तर–पुस्तिका की मात्रा अनुमानित मूल आदेश से कम से कम/अधिक वास्तविक एवं आनुपातिक मुद्रण के परिप्रेक्ष्य में स्वीकार होगी।

(ii) बोलीदाता, उत्तर–पुस्तिकाओं तथा उत्तर–पुस्तिकाओं के नमूनों के ठीक–ठीक पैकिंग के लिये उत्तरदायी होगा ताकि उत्तर–पुस्तिका प्राप्तकर्ता को उसके स्थान पर अच्छी दशा में नमूने के अनुसार सुपुर्दगी मिल सके। माल प्राप्तकर्त्ता द्वारा जाँच हेतु माल का निरीक्षण करते समय जो कोई भी हानि/कमी/क्षति, टूट–फूट अथवा परिवहन से मात्रा में कोई कमी पाई जावेगी तो ऐसी हानि या कमी को पूरा करने के लिये बोलीदाता जिम्मेदार होगा इसके लिए अतिरिक्त मूल्य अनुज्ञेय नहीं होगा।

(iii) **कालावधि :–** आपूर्ति बोलीदाता को जिसकी निविदा स्वीकार की गई है, कार्यादेश की तारीख से तीन दिवस के भीतर राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय द्वारा निर्धारित स्थान से कागज प्राप्त करना होगा और कागज प्राप्ति की दिनांक से सम्पूर्ण कार्य निष्पादित कर 20 दिवस की अवधि में आपूर्ति RSOS. कार्यालय जयपुर में सुनिश्चित करनी होगी।
बोली में दिखलाई गई परीक्षावार उत्तर–पुस्तकों की मात्रायें अनुमानित हैं जिनमें वृद्धि या कमी भी की जा सकती है। कार्यादेश जारी होने के बाद भी मुद्रण प्रक्रिया के दौरान विभिन्न प्रकार की उत्तर–पुस्तिकाओं की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है। वस्तुओं के प्रदाय की व्यवस्था RSOS की आवश्यकता के अनुसार करनी होगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(iv) यदि बोलीदाता उत्तर–पुस्तिकाओं की सप्लाई निर्धारित स्पेसिफिकेशन्स अथवा अनुमोदित नमूनों के अनुसार निर्धारित एवं वर्णित समय के भीतर पूरी न कर पाये तो क्रेता अधिकारी को यह हक होगा कि वह बोलीदाता को सूचना दिये बिना बोलीदाता के हिसाब में और उसकी जोखिम पर यह कार्य या उसका कोई भाग जो बोलीदाता नहीं कर सके और सप्लाई न कर पाया हो, और कहीं से करवा ले या यदि कार्य नहीं कर पा रहा हो तो इसके बदले में सबसे अच्छा कार्य तथा पास ही उपलब्ध होने वाली फर्म से करवा ले या संविदा को रद्द कर दे तो बोलीदाता, क्रेता अधिकारी को बोलीदाता द्वारा विफल करने के कारण होने वाली हानि के नुकसान की भरपाई का उत्तरदायी होगा, परन्तु बोलीदाता, विलम्ब के फलस्वरूप किये गये कार्य स्थानान्तरण पर होने वाले लाभ का हकदार नहीं होगा। ऐसी हानि या नुकसान की वसूली इस संविदा या किसी अन्य संविदा के अधीन देय राशि में से कर ली जावेगी।

(v) उत्तर–पुस्तिकाओं को बनाने के लिये फर्म को आवश्यकतानुसार दी गई बैंक गारण्टी की राशि से दोगुने मूल्य का कागज उपलब्ध कराया जायेगा जो बोलीदाता फर्म को निर्दिष्ट स्थान से प्राप्त करना होगा। उपलब्ध कराया जाने वाला कागज, गोदाम से फर्म के गोदाम तक ले जाने का प्रबन्ध व व्यय फर्म द्वारा ही वहन किया जायेगा। रीलें/बण्डल (रीम) जिस रूप में मिलों से प्राप्त होंगी, उसी रूप में फर्म को दे दी जावेगी। अतः रीलों/बण्डल (रीम) में कागज कम पाये जाने पर स्टेट ओपन स्कूल जिम्मेदार नहीं होगा। यदि फर्म के पास कोई कागज शेष रहता है, तो शेष कागज को जयपुर स्थित स्टेट ओपन कार्यालय अनुमोदित दरों पर उत्तर–पुस्तिकाऐं आदेशानुसार बनवा कर देनी होगी।

कार्यालय द्वारा उत्तर–पुस्तिकाऐं बनाने हेतु जितना कागज दिया जायेगा उतनी उत्तर–पुस्तिकाओं की सप्लाई करनी होगी। उत्तर–पुस्तिका निर्माण प्रक्रिया में जारी कागज पर 2 प्रतिशत तक वेस्टेज मुद्रक को दी जायेगी। वेस्टेज के अन्तर्गत दिये गये कागज की रद्दी स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय द्वारा वापस नहीं ली जायेगी और न ही इसके विरूद्ध कोई कटौती की जायेगी। उत्तर–पुस्तिकाऐं RSOS. द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर भेजने के उपरान्त फर्म, तीन प्रतियों में कागज के उपयोग का हिसाब स्टेट ओपन स्कूल को देगी।

(vi) उत्तर–पुस्तिका के मुख पृष्ठ भी स्टेट ओपन कार्यालय द्वारा किये जाने वाले कागज से ही बनाये जायेंगे। विभिन्न परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं में भिन्नता लाने के लिए मुखपृष्ठ परीक्षानुसार अलग–अलग यथा– लाल व काली स्याही से निर्देशानुसार छापे जावेंगे। सभी उत्तर–पुस्तिकाओं यथा उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, प्रायोगिक में प्रत्येक पृष्ठ पेज संख्या मुद्रित होगी। मुखपृष्ठ, पेज संख्या, मोनोग्राम व लाईनिंग इत्यादि का मुद्रण वेब ऑफसेट/शीटफेड मुद्रण पद्धति से होगा। मुख पृष्ठ पर हिन्दी में परीक्षा का नाम, परीक्षार्थी के लिए निर्देश, नामांक, विषय व दिनांक आदि का मुद्रण स्टेट ओपन स्कूल द्वारा प्रदत्त नमूने के अनुसार मुद्रण होगा। मुद्रण व्यय उत्तर–पुस्तिका को बनाने व सप्लाई करने के व्यय में सम्मिलित होगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(vii) सभी उत्तर–पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आदेशानुसार ही होनी चाहिये। 100 उत्तर–पुस्तिका के अलग–अलग बण्डल बनाये जायेंगे जो अच्छी किस्म के क्राफ्ट कागज या मैलेट कागज से बंधे होने चाहिये, जिसे प्लास्टिक अथवा अन्य पैकिंग मेटिरियल से बांधना होगा। उत्तर–पुस्तिका की गिनती दो बार करा लें तथा उत्तर–पुस्तिका के प्रत्येक 100 बण्डल में जिस परीक्षा की उत्तर–पुस्तिका है, संख्या सहित छपी हुई पर्ची (लेबल) लगानी होगी।

(viii) केन्द्रों पर उत्तर–पुस्तिकाओं को भिजवाने हेतु बण्डल 500–500 अथवा निर्देशानुसार उत्तर–पुस्तिकाओं से अधिक का न बनाया जाये तथा बण्डल पूर्णतया कसी हुई हो एवं ढीली न हो। उत्तर–पुस्तिकाओं की पैकिंग आदि में जो कागज उपयोग किया जाये वह मोटा व अच्छा होना चाहिये तथा बण्डल का टाट, जिसमें उत्तर–पुस्तिकाऐं बांधी जाये अच्छा मजबूत होना चाहिए, ताकि उत्तर–पुस्तिकाऐं मार्ग में खराब न हो पाये। यदि उत्तर–पुस्तिकाऐं मार्ग में भीग जायें अथवा पैकिंग ठीक न होने से खराब हो जाये तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। पैकिंग व आपूर्ति निविदा अनुरूप नहीं होने पर त्रुटिपूर्ण/खराब प्रतियाँ आपूर्ति में कम कर/कागज के मूल्य की कटौती करते हुए मुद्रण राशि की भी कटौती की जायेगी।

(ix) यदि बोलीदाता, बोली प्रपत्र मे विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर माल की सुर्पुदगी न कर पाये तो क्रय अधिकारी अपने विवेकानुसार माल की सुपुर्दगी की अवधि, बोलीदाता के करारानुसार परिनिर्धारित नुकसानी जो शास्ति नहीं होगी की वसूली के अध्यधीन बढ़ा सकेगा। यह वसूली उत्तर–पुस्तिकाओं के निर्धारित स्थानों पर सप्लाई की गई उ0पु0 के निर्माण मूल्य के प्रतिशत की राशि के बराबर, निम्नानुसार तथा सम्मति में हुई नीचे बतलायी गई देरी के लिए होगी:–

क. निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि की 1/4 कालावधि की देरी के लिये 2.5%

ख. 1/4 से अधिक परन्तु निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि के 1/2 से अनधिक की कालावधि की देरी के लिये 5%

ग. 1/2 से अधिक परन्तु निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि की 3/4 से अनधिक कालावधि की देरी के लिये 7.5%

घ. 3/4 से अधिक परन्तु निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि के बराबर की कालावधि से अनधिक 10%

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(x) उत्तर–पुस्तिकाओं के अन्दर पृष्ठों की संख्या में कमी अथवा अधिकता की शिकायत प्राप्त होने पर उनमें फटे हुए पृष्ठ होने, उनमें कहीं–कहीं लाइनें न होने अथवा तिरछी होने अथवा अन्य दोषपूर्ण होने अर्थात् उत्तर–पुस्तिका की बनावट आदि के बारे में केन्द्रों से किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर प्रति दोषपूर्ण उत्तर–पुस्तिका रूपये 15/– किन्तु न्यूनतम 500 रूपये मुद्रक के बिल में से कटौती की जावेगी। यदि इस प्रकार का दोष अत्यधिक मात्रा में है तो निदेशक को समुचित शास्ती लगाने का अधिकार होगा। फर्म उत्तर–पुस्तिकाओं के निर्माण में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा उपलब्ध कराया गया कागज (साईज व वजन) ही उपयोग में लेगी।

(xi) परीक्षा केन्द्रों व राजस्थान स्टेट ओपन कार्यालय में सप्लाई की गई उत्तर–पुस्तिकाओं में स्टेट ओपन द्वारा उपलब्ध कराये गये कागज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु RSOS द्वारा MSME संस्थान, जयपुर से कागज की GSM जाँच करवायी जायेगी। व्यय का पुर्नभरण फर्म से प्राप्त बिल में से किया जावेगा। यदि टेस्ट हाऊस की जांच रिपोर्ट के अनुसार कागज निर्देशित वजन से कम वजन का तथा भारतीय मानक ब्यूरो के मापदण्ड से कम पाया गया तो संबंधित फर्म द्वारा सप्लाई की गई उ0पु0 विशेष परिस्थिति में स्वीकार करते हुए टेस्टिंग खर्च की राशि व वांछित कागज के स्थान पर कम वजन के उपयोग के लिए गये कागज की दर के अन्तर की वर्तमान बाजार भाव की राशि की दुगुनी राशि की कटौती फर्म को किये जाने वाले शेष भुगतान की राशि में से करने का राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, निदेशक को पूर्ण अधिकार होगा। इसी प्रकार टेस्ट हाऊस से प्राप्त रिपोर्ट में कागज के वजन के अलावा अन्य किसी भी प्रकार की कोई कमी पाई गई तो फर्म के बिल की राशि में से कटौती की जावेगी, जो फर्म को मान्य होगी।

(xii) राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर द्वारा उपलब्ध कराये गये कागज पर निर्देशित आकार में उत्तर–पुस्तिकाएें बनाने, छापने, पैकिंग/सिलाई करने तथा उन्हें RSOS. कार्यालय तक पहुँचाने आदि का समस्त व्यय, कर सहित फर्म को ही वहन करना होगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

**5. भुगतान प्रक्रिया :–**

(i) मुद्रक द्वारा किये जाने वाले माल का भुगतान कार्यादेश की शर्तों के अनुसार किया जायेगा।

(ii) फर्म को निर्देशित सभी केन्द्रों व राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल को उत्तर–पुस्तिकाऐं भिजवा देने के उपरान्त उसके बिल के साथ निम्नांकित चार प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे:–

(1) फर्म ने उत्तर–पुस्तिकाओं के निर्माण में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा दिये गये कागज की ही उपयोग किया है।

(2) फर्म के पास बनी हुई एक भी उत्तर–पुस्तिका शेष नहीं है। मुद्रण में जो कागज खराब हुआ है उसे स्टेट ओपन स्कूल प्रतिनिधि के समक्ष जलाकर या शिरेडिंग मशीन से उसकी पतली लीरियाँ करके नष्ट किया गया है।

(3) फर्म द्वारा उत्तर–पुस्तिका निर्माण के कार्य को किसी अन्य फर्म के साथ बांटा नहीं गया है।

(4) उ0पु0 को RSOS. के गोदाम तक पहुंचाया गया है। वहाँ किसी प्रकार के कोई अवितरित पार्सल नहीं है।

**टिप्पणी :–**

1. सप्लाई में हुई देरी की कालावधि की संगणना करते समय एक दिन की भिन्नता को नहीं गिना जायेगा, यदि वह 1/2 दिन से कम है।
2. देरी के लिये परिनिर्धारित नुकसानों की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी किन्तु यदि यह पाया गया कि प्रदायक द्वारा विलम्ब करने से राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है तो यह कटौती 10 प्रतिशत से अधिक भी हो सकती है, जिसका निर्णय करने का अधिकार निदेशक, स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर को होगा।
3. यदि प्रदायक कोई भी बाधा उत्पन्न होने के कारण संविदात्मक प्रदाय पूर्ण करने का समय बढ़ाने की अपेक्षा करे तो वह इसके लिए उस प्राधिकारी को, जिसने प्रदाय का आदेश दिया है, बाधा उत्पन्न होने पर तुरन्त लिखित में आवेदन करेगा (लेकिन प्रदाय पूर्ण करने की निर्धारित तारीख के पश्चात् नहीं) किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि समय बढ़ाने की स्वीकृति दी जाए।
4. राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय की आवश्यक परिस्थितियों में आपूर्ति की कालावधि को निर्धारित कालावधि से कम किया जा सकता है और प्रदायक को उसके अनुरूप आपूर्ति करनी होगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(अ) अन्तरिम भुगतान (80 प्रतिशत) – मुद्रित उ.पु. राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के गोदाम में सही एवं पूर्ण संख्या में प्राप्त होने पर बिल की राशि का 80% भुगतान नियमानुसार कर दिया जायेगा शेष 20% का भुगतान GSM. जांच रिपोर्ट आने के पश्चात् किया जायेगा।

(ब) अन्तिम भुगतान (20 प्रतिशत) – उत्तर–पुस्तिकाओं के बिल की शेष 20% (बीस प्रतिशत) राशि का भुगतान कागज की GSM.टेस्टिंग की प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार किया जायेगा। टेस्टिंग की राशि का व्यय फर्म को करना पड़ेगा। विलम्ब दण्ड, आकार की कमी के कारण कटौती तथा दण्ड, डेमरेज अथवा अन्य स्थान से पार्सल मंगवाने में केन्द्र द्वारा व्यय की गई राशि आदि यदि कोई कटौती बनती है तो कटौती के उपरान्त ही किया जायेगा। यदि इस हेतु बिल की शेष राशि कम पड़ती है तो आवश्यक शेष कटौती प्रतिभूति अथवा अन्य किसी देय भुगतान राशि में से की जायेगी।

6. <u>अन्य शर्तें :–</u>

(i) बोलीदाता अपनी दर संविदा तथा/अथवा उसके सारभूत किसी भाग को न तो किसी अन्य एजेन्सी को सौंप सकेगा और न किसी को आगे दर संविदा पर दे सकेगा।

(ii) क्रेता अधिकारी अथवा उसका यथावत अधिकृत प्रतिनिधि सब उचित समयों पर प्रदायक के भू–गृहादि (प्रेमिसेस) में जा सकेगा और सब उचित समयों पर उत्तर–पुस्तिकाओं के निर्माण एवं उसकी बनावट की जाँच और परीक्षा करने के सक्षम होगा।

(iii) समस्त कानूनी कार्यवाही यदि किसी भी पक्ष द्वारा संस्थित किये जाने की आवश्यकता पड़े तो राजस्थान में जयपुर स्थित न्यायालयों में ही प्रारम्भ करनी होगी, किसी अन्य स्थान पर नहीं।

(iv) किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

(iv) यदि किसी केन्द्र से कॉपी (उत्तर–पुस्तिका) की क्वालिटी या अन्य कोई शिकायत आती है तो उसकी जाँच में प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कटौती/शास्ति का समस्त अधिकार क्रेता अधिकारी (निदेशक RSOS.) के पास सुरक्षित रहेगा एवं उक्त निर्णय को बोलीदाता फर्म को मानना होगा।

(v) RSOS कार्यालय द्वारा बोलीदाता फर्म को जो कागज उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण के लिए उपलब्ध करवाया जायेगा तो उपलब्ध करवाए गये कागज में से जितनी मात्रा में कागज फर्म के पास शेष रह जाता है, तो इस शेष कागज के लिए RSOS स्वयं निर्णय के लिए स्वतंत्र होगा कि वह इस कागज को वापस ले अथवा कागज का मूल्य बोलीदाता को देय राशि में से काट ले। काटे जाने वाली राशि RSOS कार्यालय द्वारा क्रय की गई दर से अधिक नहीं होगी।

(vi) मुद्रित की गई उ0पु0 के काले स्टीकर का गोंद समाप्त होने व न चिपकने की स्थिति में उन्हें चिपकाने हेतु सफेद Plain 2x21 cm के स्टीकर चाही गई संख्या में बोलीदाता फर्म को निशुल्क उपलब्ध करवाने होगें

(vii) दर संविदा, बोली लगाने वालों के साथ एक या एक से अधिक बोलीदाताओं के साथ समानान्तर रूप से दर संविदा करने हेतु आर.एस.ओ.एस. स्वतंत्र होगा।

(viii) दर संविदा के अधीन कीमतें, कीमत गिरने के खण्ड के अध्याधीन होंगी। दर संविदाधारक, दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय दर संविदा कीमत से कम कीमत पर सेवाएं देने के लिए उसकी कीमत कोट करता है तो उस दर संविदा के अधीन उपापन की विषयवस्तु के परिधान के लिए दर संविदा कीमत करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी। समानान्तर दर संविदा धारण करने वाली फर्मों को भी कीमत करने का अवसर देते हुए पुनरीक्षित कीमत की उनकी स्वीकारोक्ति से सूचित करने के लिए पन्द्रह दिन का समय दिया

जायेगा। इसी प्रकार यदि कोई समानान्तर दर संविदा धारक फर्म, संविदा के चालू रहने के दौरान अपनी कीमत कम करती है तो उसकी कम की गयी कीमत अन्य समानान्तर दर संविदा धारक फर्मो और मूल दर संविदा धारक फर्म को अपनी कीमतें तत्समान कम करने के लिए संसूचित की जायेगी। यदि कोई दर संविधा धारक फर्म, कीमत कम करने से सहमत नहीं होती है तो उनके साथ आगे और संव्यवहार नहीं किया जायेगा।

(ix) यदि अपरिहार्य कारणों से नयी दर संविदाओं का तय किया जाना संभव नहीं हो तो विद्यमान दर संविदाएं उसी कीमत, निबंधनों और शर्तों पर तीन मास की कालावधि के लिए बढाई जा सकेंगी।

(x) बोलीदाता निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने में असमर्थ रहता है तो आर.एस.ओ.एस. रिस्क एवं कोस्ट आधार पर अपना कार्य किसी अन्य फर्म से करवाने के लिए स्वतंत्र होगा तथा अन्य फर्म को किया जाने वाला भुगतान सेवा प्रदाता फर्म से वसूलनीय होगा।

(xi) <u>उपरोक्त नियम एवं शर्तों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य शर्तें जो बोलीदाता द्वारा अंकित की जाती है वह मान्य नहीं होगी।</u>

(xii) अन्य शर्तें एवं नियम जिनका उल्लेख ऊपर नहीं किया है, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार होगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

## घोषणा

उपरोक्त समस्त शर्तें मैंने/हमने ध्यानपूर्वक पढ़ ली है और मुझे/हमें स्वीकार है। अध्यक्ष/निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर का निर्णय मुझे/हमें स्वीकार्य होगा। हमारी फर्म किसी भी संस्था बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायत्तशासी संस्थान/निगम/राज्य सरकार/बैंक द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं की गई है। निर्धारित परिशिष्ट में घोषणा पत्र हस्ताक्षर कर संलग्न कर दिया गया है।

दिनांक:

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**
**मय सील**

## Annexure B: Declaration by the Bidder regarding Qualification

### Declaration by the Bidder

In relation to my/our Bid submitted to ............................ for procurement of ............................ in response to their notice Inviting Bids No ............................ Dated I/We hereby declare under Section 7 of Rajasthan Transparencey in Public Procurement Act, 2012, that :

1. I/We possess the necessary professional, technical financial and managerial resources and Competence required by the Bidding Document issued by the Procuring Entity;
2. I/We have fulfilled my/our obligation to pay such of taxes payable to the Union and the state Government or any local authority as specified in the bidding Document;
3. I/We are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/our affairs administered by a court or a judicial officer, not have my/our business activities suspended and not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons.
4. I/We do not have, and our directors and officers not have, been convicted of any criminal offence related to my/our professional conduct or the making of false statements or misrepresentations as to my/our qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years preceding the commencement of this procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;
5. I/We do not have a conflict of interest as specified in the Act, Rules and the Bidding Document, which materially affects fair competition;

Date :

Place :

Signature of bidder

Name :

Designation :

Address :

# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर

**दर संविदा का प्रारूप**

1. विषय– राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के लिए उत्तर–पुस्तिकाओं के मुद्रण की आपूर्ति कार्य हेतु बोली।
2. (1) बोली प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम तथा डाक का पूर्ण पता
   ...........................................................................................................................
   ...........................................................................................................................
   ...................................................................................
   ...........................................................................................................................
   ...........................................................................................................................
   ...................................................................................

   (2) दूरभाष नम्बर ऑफिस .................................... निवास ..................................................
   मोबाईल ............................. फैक्स ............................ ई–मेल ....................................
3. बोली प्रेषण: निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के पते पर।
4. सन्दर्भ :– बोली सूचना दिनांक ....................................
5. बोली शुल्क की राशि रू. 200/– (अक्षरे रू. दो सौ मात्र) जमा करा दी गई। (डिमाण्ड ड्राफ्ट/रोकड़ रसीद संख्या ............................ दिनांक ..........................)
6. बोली सूचना दिनांक ....................... जो राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के द्वारा जारी की गई हैं, में वर्णित समस्त शर्तों का पालन करने के लिए हम सहमत हैं तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्तें जो संलग्न प्रपत्र में दी गई हैं (जिसके समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रतिस्वरूप, हमनें हस्ताक्षर कर दिए हैं) का भी पालन करने के लिए सहमत हैं।
7. पक्का आदेश (आपूर्ति आदेश) प्राप्त होने पर बोली शर्त के अनुसार उत्तर–पुस्तिकाएं सप्लाई कर दी जाएगी।
8. बोली में दी गई दरें निविदा प्रस्तुत करने की तारीख से एक वर्ष तक वैध रहेंगी। सफल बोलीदाता (जिसकी दरें स्वीकार कर ली गई हो) की दरें अनुबन्ध अवधि से एक वर्ष तक वैध रहेंगी जिसके अन्तर्गत कार्यालय वांछित आपूर्ति हेतु अतिरिक्त आदेश दे सकेगा।
9. धरोहर राशि हेतु निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के पक्ष में रू. .................. (अक्षरे ................ ......................................) ड्राफ्ट/रसीद संख्या ...................... दिनांक ........................ द्वारा जमा करा दी गई है।
10. आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नं. ..............................................
11. बैंक खाते संबंधी विवरण :–
    (क) खाता संख्या ...........................................
    (ख) खाते का प्रकार .......................................
    (ग) बैंक का नाम ...........................................
    (घ) शाखा का नाम .........................................
    (ङ) बैंक का IFS कोड .......................................

दिनांक :

बोलीदाता के हस्ताक्षर
एवं फर्म की मोहर

# बोलीदाता फर्म का विवरण प्रपत्र

1. फर्म का नाम व पता ..................................................................................................................

..........................................................................................................................................

टेलीफोन नम्बर ...........................................................................................................................

2. फर्म के प्रोप्राइटर का नाम ...........................................................................................................

3. उपकरण मशीनों का विवरण– वेब ऑफसेट व शीटफेड

| क्र. सं. | मशीनों का प्रकार | मुद्रण क्षमता प्रति घण्टा |
|---|---|---|
| | | |

(ब) बाईण्डिंग उपकरणों का विवरण :–

| क्र.सं. | मशीनों का प्रकार | क्षमता प्रति घण्टा |
|---|---|---|
| | | |

बोलीदाता के हस्ताक्षर

4. फैक्ट्री का विवरण
 (1) परिसर का क्षेत्रफल ........................................ वर्ग फुट
 (2) कवर्ड ऐरिया ........................................ वर्ग फुट
 (3) गोदाम ........................................ वर्ग फुट
 (4) जनरेटर सैट की क्षमता ........................................
5. मानव संसाधन :–
 (1) कार्यरत स्थाई कर्मचारियों की संख्या ........................................
 (2) दिहाड़ी आधार पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या ........................................
6. वित्तीय सुदृढ़ता :–
 (1). कितनी राशि की बैंक गारंटी फर्म द्वारा दी जायेगी। न्यूनतम रू. 5.00 लाख
 (2) सम्पूर्ण कार्य निष्पादन के लिए अग्रिम व्यय किए जाने की क्षमता रू. ........................
7. कार्यानुभव (उत्तर पुस्तकें निर्माण कार्य से ही सम्बन्धित हो)

| क्र.सं. | संस्था का नाम व पता जिसका काम किया गया | किस प्रकार का कार्य किया गया था | कार्य करने का वर्ष | कितनी राशि का कार्य किया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |

8. उत्तर–पुस्तक निर्माण की क्षमता :– प्रति दिवस

| | |
|---|---|
| मुद्रण, बाईण्डिंग व अन्य कार्य क्षमता प्रति दिवस | |

9. बैंक गारण्टी का विवरण ........................................
........................................

दिनांक : ..............................

फर्म मालिक के हस्ताक्षर
एवं फर्म की मोहर

## घोषणा

उपरोक्त वांछित विवरण मैंने/हमने निविदा शर्तों का अच्छी तरह अध्ययन कर ध्यानपूर्वक भरी है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर का निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में उक्त व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित मशीन/उपकरण/तकनीकी जानकारी कर्मचारी आदि उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायत्तशासी संस्थान/निगम/बैंक आदि के द्वारा हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र हस्ताक्षर कर संलग्न कर दिया गया है।

दिनांक :

फर्म मालिक के हस्ताक्षर
एवं फर्म की मुहर

# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर

**फरवरी, 2016 से जनवरी, 2017 तक एक वर्ष के लिये उत्तर पुस्तिकाएं आपूर्ति हेतु दर संविदा की दरें**

1. फर्म का नाम ..............................................................................................................................................................................................................................................................................................................

हम राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के लिए उत्तर–पुस्तिकाएं निर्मित करने और स्टेट ओपन स्कूल द्वारा निर्दिष्ट रीति और स्थान पर आपूर्ति करने के लिये निम्नानुसार दरें प्रस्तुत करते हैं। इन दरों में समस्त करों का समावेश है। दरें अंकों व शब्दों में स्पष्टतः अंकित कर दी गई है। दरों में कांट–छांट या उपरिलेखन नहीं किया गया है, अथवा फ्लूड लगाकर पुनः नहीं लिखा गया है। अपरिहार्य परिस्थिति में यदि दरों में कोई संशोधन किया गया है तो उसे काट कर स्पष्टतः पुनः लिखकर संशोधन के स्थान पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। हमारे द्वारा निर्मित उत्तर पुस्तिकाओं की बाइण्डिंग में कोई भी सिंगल लूज शीट बाईंड नहीं होगी।

(A) उत्तर–पुस्तिकाओं का प्रकार अनुमानित संख्या व दर तालिकाः–

| उत्तर–पुस्तिका का परीक्षानुसार नाम एवं अनुमानित संख्या/आपूर्ति | उ0पु0 पृष्ठ | प्रति उत्तर–पुस्तिका मुद्रण दर (समस्त कर सहित) |
|---|---|---|
| 1. उत्तर–पुस्तिकाऐं माध्यमिक, उच्च माध्यमिक | मा.–28<br>उ.मा.–28 | रू. ........................<br>अक्षरे ......................<br>.............................. |
| 2. प्रायोगिक | 04 | रू. ........................<br>अक्षरे ......................<br>.............................. |
| | | |

नोट :– (1) दरें निविदा शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में अंकित मान्य होगी। पृथक से अन्य पत्र पर अंकित दरें व शर्तें मान्य नहीं होंगी। अन्य शर्तें जोड़ने पर निविदाकार की निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

(2) अंकों व शब्दों में अंकित दरों में भिन्नता की स्थिति में दोनों में जो कम हो उस पर विचार किया जावेगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

नोट :– दरें स्पष्ट लिखें। कटिंग एवं ऊपरी लेखन पर अपने हस्ताक्षर करें।

दिनांक : बोलीदाता के हस्ताक्षर व मुहर

| | |
|---|---|
| फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम जिससे स्टेट ओपन कार्यालय सीधे ही सम्पर्क कर सके। | श्री ..................................<br>पद ....................................<br>दूरभाष नं. ..........................<br>मोबाईल नं. .......................... |

## घोषणा

उपरोक्त समस्त दरें व अन्य वांछित विवरण मैंने/हमने दर संविदा की शर्तो का अच्छी तरह अध्ययन कर ध्यानपूर्वक भरी है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर का निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में उक्त व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित मशीन/उपकरण/तकनीकी जानकारी कर्मचारी आदि उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायत्तशासी संस्थान/निगम/बैंक आदि के द्वारा हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र हस्ताक्षर कर संलग्न कर दिया गया है।

दिनांक :

फर्म मालिक के हस्ताक्षर
एवं फर्म की मुहर

# करार पत्र का प्रारूप 500/– के स्टाम्प

यह इकरारनामा निदेशक, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर (जिसे इसमें आगे ओपन स्कूल कहा जायेगा) और फर्म **मैसर्स** ———————————— जिनके लिए अधिकार पत्र (संलग्न) अनुसार प्रतिनिधित्व **श्री** ———————————— के द्वारा किया जा रहा है के मध्य **दिनांक** ——— को सम्पन्न किया गया।

चूंकि ओपन स्कूल की सामग्री के स्वामी होने के नाते, सत्वाधिकारी, ऐसी मुद्रण योग्य सामग्री जिनकी मुद्रण दरें ओपन स्कूल द्वारा स्वीकार की गई हैं, की आदेशित प्रतियाँ मुद्रित कराने का इच्छुक है। मुद्रक ने ओपन स्कूल से अनुरोध किया है कि उनके द्वारा इस कार्यालय के आदेश पत्र कमांक ——— दिनांक ——— में निम्नांकित दरों पर सामग्री का मुद्रण और आपूर्ति का कार्य जो उसे सौंपा गया है को स्वीकार करने के लिए रजामन्द है।

| क्र. सं. | मुद्रण योग्य सामग्री का नाम | उत्तर–पुस्तिका प्रति नग (दर समस्त कर सहित) | योग |
|---|---|---|---|
| | | | |

अतः सत्वाधिकारी ने उसका अनुरोध नीचे उल्लेखित विवरणों और शर्तो पर स्वीकार करना मान लिया है तथा अब इस विलेख के पक्षकार एतद्द्वारा निम्नलिखित रूप में रजामंद होते हैं –

1. मुद्रक उपरोक्त तालिका में अंकित दरों के आधार पर जारी कार्यादेश द्वारा उसे आवंटित मुद्रण योग्य सामग्री का दर के अनुसार निर्देशित मात्रा में, अथवा परवर्ती समय में सत्वाधिकारी द्वारा निर्देशित मात्रा में, जो किसी शर्त के विपरीत नहीं होगा, मुद्रण करेगा और निर्दिष्ट मात्रा में, सत्वाधिकारी से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार निर्दिष्ट दिनांक तक आपूर्ति किये जाने का प्रबंध करेगा। इन दरों में टेक्स्ट मुद्रण/आवरण मुद्रण, जिल्द बंदी, परिवहन RSOS के जयपुर स्थित गोदाम तक आपूर्ति आदि समस्त व्यय कर सहित सम्मिलित होंगे। उपरोक्त तालिका में अंकित दरों पर ओपन स्कूल द्वारा जो भी कार्यादेश जारी किये जाएंगे वे सभी इस अनुबंध के भाग होंगे।
2. (क) अनुबंध अवधि का अर्थ – अनुबन्ध तिथि से एक वर्ष होगा।
   (ख) दर संविदा की शर्तें, जो मुद्रक द्वारा हस्ताक्षरित है इस इकरारनामे का अंग मानी जायेंगी और इकरारनामा क्रियान्वित करने वाले पक्षकारों के लिए बाध्यकारी होंगी।
3. मुद्रक, कार्यादेश द्वारा आवंटित मुद्रण योग्य सामग्री का मुद्रण कर आपूर्ति वितरण निर्देशानुसार करेगा।
4. स्टेट ओपन द्वारा दिया गया कागज ही कार्य में लेना होगा।
5. मुद्रक ने अनुबंध की क्रियान्विति हेतु मुद्रण प्रतिभूति राशि एवं पेपर धरोहर राशि के तौर पर निम्नांकित रूप में जमा करा दिये हैं : –

| क्र. सं. | विवरण | राशि | जमा का विवरण | जमा/ समायोजित |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

7. कार्य आदेश एवं निविदा में वर्णित शर्तें जो इस इकरारनामे के साथ संलग्न हैं, इस इकरारनामे का अंग मानी जायेंगी और इकरारनामा करने वाले पक्षकारों के लिए बाध्यकारी होंगी।

8. बोलीदाता से प्राप्त पत्र सं. ....................................................दिनांक ..........................................और ओपन स्कूल द्वारा जारी किए गये पत्र सं. ............................................ दिनांक ........................... तथा अनुबंध के अनुरूप जो भी कार्यादेश जारी किये जाएंगे वे भी इस इकरारनामे के अंग रहेंगे। कार्य संतोषप्रद रहने एवं दोनों की सहमति से अनुबन्ध अवधि आगे बढ़ायी जा सकती है।

9. <u>भुगतान प्रक्रिया :–</u>

(iii) मुद्रक द्वारा किये जाने वाले माल का भुगतान कार्यादेश की शर्तों के अनुसार किया जायेगा।

(iv) <u>फर्म को निर्देशित सभी केन्द्रों व राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल को उत्तर–पुस्तिकाऐं भिजवा देने के उपरान्त उसके बिल के साथ निम्नांकित चार प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे:–</u>

(1) फर्म ने उत्तर–पुस्तिकाओं के निर्माण में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा दिये गये कागज की ही उपयोग किया है।

(2) फर्म के पास बनी हुई एक भी उत्तर–पुस्तिका शेष नहीं है। मुद्रण में जो कागज खराब हुआ है उसे स्टेट ओपन स्कूल प्रतिनिधि के समक्ष जलाकर या शिरेडिंग मशीन से उसकी पतली लीरियाँ करके नष्ट किया गया है।

(3) फर्म द्वारा उत्तर–पुस्तिका निर्माण के कार्य को किसी अन्य फर्म के साथ बांटा नहीं गया है।

(4) उ0पु0 को RSOS. के गोदाम तक पहुंचाया गया है। वहाँ किसी प्रकार के कोई अवितरित पार्सल नहीं है।

**टिप्पणी :–**

1. सप्लाई में हुई देरी की कालावधि की संगणना करते समय एक दिन की भिन्नता को नहीं गिना जायेगा, यदि वह 1/2 दिन से कम है।

2. देरी के लिये परिनिर्धारित नुकसानों की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी किन्तु यदि यह पाया गया कि प्रदायक द्वारा विलम्ब करने से राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है तो यह कटौती 10 प्रतिशत से अधिक भी हो सकती है, जिसका निर्णय करने का अधिकार निदेशक, स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर को होगा।

3. इस करार के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले समस्त विवाद तथा इस करार के निर्वचन सम्बन्धी समस्त प्रश्न राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे तथा RSOS का विनिश्चय ही अन्तिम होगा। जिसके साक्ष्य में, इसके दोनों पक्षों ने दिनांक .................. को अपने हस्ताक्षर किये।

अनुमोदित प्रदायक के हस्ताक्षर
मय सील

तारीख :

साक्षी सं. 1

साक्षी सं. 2

साक्षी के हस्ताक्षर एवं पता

1. ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के लिए
तथा की ओर से हस्ताक्षर व पदनाम

तारीख :

साक्षी सं. 1

साक्षी सं. 2

साक्षी के हस्ताक्षर एवं पता

1..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................